**शुभ उपकार, नई दिल्ली**

**दिनांक: 31.05.2021**

# महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से अग्नि तथा अन्य ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) का किया गया विमोचन

वाराणसी। बरेका संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया है , जिसे आज महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है। यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है। यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा। महाप्रबंधक महोदया ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा के कई आयाम हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण हैं। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। मुझे खुशी है कि 8 मार्च 2021 को संरक्षा प्रशिक्षण के लिए समर्पित सुविधा ष्मंथनष् का उद्घाटन किया गया था। जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित



अंजली गोयल , महाप्रबंधक
बनारस रेल इंजन कारखाना




प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण के सख्त अनुपालन से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करेगा । संरक्षा विभाग ने बीएलडब्ल्यू कैंपस और शॉप फ्लोर के हर क्षेत्र को कवर करते हुए इस कोड ऑफ प्रैक्टिस को संकलित करने के लिए अच्छा कार्य किया है। विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें प्रमुख रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री विनीत कुमार सक्सेना, मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा शामिल हुए ।

**पायनियर, लखनऊ**

**दिनांक: 31.05.2021**

# अप्रत्याशित घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बरेका** संरक्षा विभाग ने आग और अन्य ऐसी अप्रिय घटनाओं से सुरक्षा के लिए पद्धति संहिता का प्रकाशन किया, जिसे महाप्रबंधक बरेका अंजली गोयल द्वारा वर्चुअल माध्यम से विमोचन किया गया। पद्धति संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस) कार्यशाला, कार्यालयों और कॉलोनी क्षेत्रों में अग्नि से बचाव हेतु दिशानिर्देशों का एक व्यापक संग्रह हैं जो एक सुरक्षित एवं अग्नि मुक्त कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है। यह पहली बार है जब इस तरह के अनूठे अग्नि सुरक्षा बुलेटिन के माध्यम से कार्यशाला, कार्यालय भवन, अस्पतालों, आवासीय परिसर, बाजार स्थान, तेल और स्नेहक भंडारण के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों सहित पार्क, डीजी सेट और पावरहाउस के लिए गर्मी के मौसम में अग्नि सुरक्षा हेतु



ली जाने वाली सावधानियों को संकलित किया है। यह बुलेटिन बनारस रेल इंजन कारखाना के कार्यशाला और कार्यालयों की अग्नि से सुरक्षा हेतु तैयारी को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होगा। महाप्रबंधक ने इस अवसर पर बुलेटिन को संकलित करने के लिए सभी विभागों को बधाई दी एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्पादन इकाई में सुरक्षा के कई आयाम हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यबल की सुरक्षा से संबंधित यह पद्धति संहिता बहुत महत्वपूर्ण हैं। जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित अनुशासित जनशक्ति सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम व कारगर साबित होगा। मुझे खुशी है कि गत आठ मार्च 2021 को संरक्षा प्रशिक्षण के लिए समर्पित सुविधा मंथन का उद्घाटन किया गया था।

जो सुरक्षा संहिता में निर्धारित प्रथाओं का व्यावहारिक और लगातार प्रशिक्षण के सख्त अनुपालन से सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करेगा । संरक्षा विभाग ने बीएलडब्ल्यू कैंपस और शॉप फ्लोर के हर क्षेत्र को कवर करते हुए इस कोड ऑफप्रैक्टिस को संकलित करने के लिए अच्छा कार्य किया है। विमोचन के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

**THE PIONEER, LUCKNOW**

**DATED: 31.05.2021**

# 714 beneficiaries vaccinated

PNS ■ VARANASI

In view of the 'Jahan Beemar, Wahi Upchaar' (where ill, there is treatment) *mantra* given by Prime Minister Narendra Modi, at Banaras Locomotive Works (BLW) under the guidance of General Manager Anjali Goyal and under the leadership of the Principal Chief Medical Officer (PCMO), Dr Sujit Malik, the work of tracing, testing and treatment is being done on a priority basis. Along with it the Covid-19 mega vaccination campaign in better coordination of BLW Hospital team and district administration is going on in a phased manner. So far a total of 27,305 eligible beneficiaries have been vaccinated. Under it including the 18 to 44 age group beneficiaires, the first dose was given to a total of 19,571 persons and the second dose to a total of 7,734 people. While ensuring the strict compliance of all the specified instructions related to Coronavirus infection by the Government of India and the Ministry of Railways in BLW here medical arrangements, antigen and RTPCR tests, vaccination, strict adherence to Corona protocol and public awareness campaign is being carried out continuously. BLW under its social responsibilities towards health services by encouraging not only the railway employees and their families but also the common citizens of the city, has maintained vaccination system in a well-organised manner at its vacci-



nation centre. On Saturday at the vaccination centre highest till now in a single day a total of 714 eligible beneficiaries were vaccinated. In which a total of 371 eligible people, including 86 beneficiaries of Railways and 285 beneficiaries of non-Railway were given the first dose, while a total of 343 people, including 192 beneficiaries of railways and 151 beneficiaries of non-railway were given the second dose. Thus a total of 19,571 eligible people, including 8,489 railway beneficiaries and 11,089 non railway beneficiaries, have been given the first dose of vaccine while a total of 7,734 people, including 5,055 of dose railway and 2,679 non-railway beneficiaries were given the second dose. Also, public awareness campaigns are being run at various places during which an appeal was being made to more and more people to get themselves vaccinated The cooperation of Railway Protection Force and St John's Ambulance Brigade is being taken to ensure that social distancing was maintained in the Employees' Club Vaccination Centre. Meanwhile Public Relations Officer (PRO) Rajesh Kumar said that the BLW following the Corona protocol is doing the vaccination work at a rapid pace with full team spirit and unitedly in order to break the chain of Covid-19 and also to provide protection against new strain of infection.

**शुभ उपकार, नई दिल्ली**

**दिनांक: 31.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में जागरूकता अभियान के साथ अब तक 27305 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए सुझाव "जहाँ बीमार वहीं उपचार" को दृष्टिगत रखते हुए महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लिक के नेतृत्व में ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही कोविड–19 टीकाकरण का महाअभियान बरेका चिकित्सालय टीम एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वयन में चरणबद्ध तरीके से चल रहा है अब तक कुल 27305 पात्र लाभार्थियों को टीका लगाया गया जिसके अंतर्गत 18 से 44 आयु वर्ग के लाभार्थियों सहित प्रथम डोज कुल 19571 लोगों को एवं दूसरा डोज कुल 7734 लोगो को दिया गया। भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा करोना संक्रमण से संबंधित सभी निर्दिष्ट निर्देशों का अनुपालन यथावत सुनिश्चित करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी में चिकित्सीय व्यवस्था, आइसोलेशन, एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच, टीकाकरण, कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सहित जन जागरूकता अभियान को लगातार चलाया जा रहा है। बरेका स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत न केवल रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों बल्कि शहर के आम नागरिकों को प्रोत्साहित कर सुव्यवस्थित ढंग से अपने टीकाकरण केंद्र में टीका लगाने की व्यवस्था बनाए रखा है। आज शनिवार 29 मई 2021 को टीकाकरण केंद्र में अब तक का सर्वाधिक एक दिन में कुल 714 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। जिसमें रेलवे के 86 तथा नॉन रेलवे के 285 लाभार्थियों सहित कुल 371 पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई जबकि दूसरी डोज रेलवे के 192 तथा नॉन रेलवे के 151 लाभार्थियों सहित कुल 343 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। इस प्रकार अब तक लगातार टीकाकरण चलाकर रेलवे के 8489 तथा नॉन रेलवे के 11089 लाभार्थीयो सहित कुल 19571



पात्र लोगों को वैक्सीनेशन की पहली डोज दी गई,जबकि दूसरी डोज रेलवे के 5055 तथा नॉन रेलवे के 2679 लाभार्थीयो सहित कुल 7734 लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों से टीका लगवाने की अपील की जा रही है। कर्मचारी क्लब टीकाकरण केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे उसके लिए रेल सुरक्षा बल एवं सेंट जॉन्स एम्बुलेंस बिग्रेड का सहयोग लिया जा रहा है। टीकाकरण टीम के साथ सिविल डिफेंस के सदस्य रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन में अपना सहयोग दे रहे हैं। जन सम्पर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बनारस रेल इंजन कारखाना पूरी टीम भावना के साथ एकजुट होकर कोविड संक्रमण की चेन को तोड़ने व नए स्ट्रेन के संक्रमण से सुरक्षा कवच प्रदान करने हेतु करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीकाकरण का कार्य तीव्र गति से कर रहा है।

**वीर अर्जुन, लखनऊ**

**दिनांक: 31.05.2021**

# बनारस रेल इंजन कारखाना में जागरूकता अभियान के साथ अब तक 27305 पात्र लाभार्थियों का टीकाकरण

**डा. अरविंद गाँधी**

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए सुझाव ठजहाँ बीमार वहीं उपचारठ को दृष्टिगत रखते हुए महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुजीत मल्लिक के नेतृत्व में ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही कोविड-19 टीकाकरण का महाअभियान बरेका चिकित्सालय टीम एवं जिला प्रशासन के बेहतर समन्वयन में चरणबद्ध तरीके से चल रहा है अब तक कुल 27305 पात्र लाभार्थियों को टीका लगाया गया ह जिसके अंतर्गत 18 से 44 आयु वर्ग के लाभार्थियों सहित प्रथम डोज कुल 19571 लोगों को एवं दूसरा डोज कुल 7734 लोगो को दिया गया। भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा करोना



संक्रमण से संबंधित सभी निर्दिष्ट निर्देशों का अनुपालन यथावत सुनिश्चित करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी में चिकित्सीय व्यवस्था, आइसोलेशन, एंटीजन व आरटीपीसीआर जांच, टीकाकरण, कोरोना प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन सहित जन जागरूकता अभियान को लगातार चलाया जा रहा है।

बरेका स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत न केवल रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों बल्कि शहर के आम नागरिकों को प्रोत्साहित कर सुव्यवस्थित ढंग से अपने टीकाकरण केंद्र में टीका लगाने की व्यवस्था बनाए रखा है।